**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या: 56**
**09 दिसंबर, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का कार्यान्वयन**

***56. श्री कुलदीप राय शर्मा:**
**डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि;

(क) पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का महाराष्ट्र, बिहार, राजस्थान तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) एनएचएम के तहत महाराष्ट्र राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान स्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और जन स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) का ब्यौरा क्या है;
(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान एनएचएम के तहत प्राप्त प्रत्येक प्रस्ताव का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और ऐसे प्रत्येक प्रस्ताव पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है;
(घ) क्या सरकार ने राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों द्वारा धनराशि के समुचित उपयोग की जांच करने और उनकी प्रगति को मापने के लिए कोई तंत्र तैयार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) एनएचएम के कार्यान्वयन और प्रगति का आकलन करने के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं तथा इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

**<u>उत्तर</u>**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (ङ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**09 दिसंबर, 2022 के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 56 के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) से (ङ): विगत 3 वर्षों के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत जारी की गई और प्रयोग की गई निधियों का महाराष्ट्र, बिहार, राजस्थान तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह समेत राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

महाराष्ट्र राज्य तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र में वित्त वर्ष 2018-19 से 2020-21 तक एनएचएम के तहत स्थापित किए गए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) का ब्यौरा अनुलग्नक-II में दिया गया है।

एनएचएम के तहत, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को अपनी स्वास्थ्य परिचर्या प्रणालियों को सुदृढ़ करने के लिए तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों से प्रस्ताव एनएचएम के तहत कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के रूप में प्राप्त किए जाते हैं और भारत सरकार मानदंडों तथा उपलब्ध संसाधनों के अनुसार रिकॉर्ड ऑफ प्रोसीडिंग्स के रूप में प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान करती है। राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों से पीआईपी के रूप में प्राप्त हुए प्रस्तावों को उनके समग्र संसाधन दायरे के भीतर भारत सरकार द्वारा राज्य और केंद्र सरकार दोनों के अधिकारियों की सहभागिता में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति (एनपीसीसी) की बैठकों में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद अनुमोदन दिया जाता है।

सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के विगत तीन वर्षों की पीआईपी और आरओपी का ब्यौरा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की वेबसाइट अर्थात https://nhm.gov.in पर यूनिफॉर्म रिसोर्स लोकेटर (यूआरएल) पर निम्नानुसार दिया गया है:

https://nhm.gov.in/index1.php?lang=1&level=1&sublinkid=1377&lid=744

जन स्वास्थ्य और अस्पताल राज्य का विषय है, इसलिए स्कीम के उचित उपयोग का प्राथमिक दायित्व राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों का है। एनएचएम के तहत, निधियों का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

- भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा निष्पादन लेखापरीक्षा,
- सीएंडएजी में पैनलबद्ध और सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े उपक्रमों की लेखापरीक्षा करने के लिए पात्र फर्मों द्वारा वार्षिक सांविधिक लेखापरीक्षा,

- चार्टर्ड अकाउंटेंट्स लेखापरीक्षा फर्मों द्वारा समवर्ती लेखापरीक्षा,
- उसी समय निधियों का पता लगाने के लिए एनएचएम में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस),
- राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा वित्तीय निगरानी रिपोर्टों (एफएमआर) और निधि स्थिति विवरण (एसएफपी) की प्रस्तुति,
- स्कीम के घटकों की समीक्षा और निगरानी।

एनएचएम के तहत, एनएचएम के कार्यान्वयन और इसकी प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए विभिन्न तंत्र विद्यमान हैं जैसे कि:

- एनपीसीसी की बैठकों के दौरान पिछले वित्त वर्ष के रिकॉर्ड ऑफ प्रोसीडिंग्स के प्रमुख प्रदेयों की समीक्षा,
- सामान्य समीक्षा मिशन, जो अन्य बातों के साथ-साथ वित्तीय प्रणालियां और तंत्रों को देखता है, द्वारा राज्यों के वार्षिक दौरे। 14वें सीआरएम की रिपोर्ट आम जानकारी के लिए निम्नानुसार उपलब्ध है:
  https://nhm.gov.in/New_Updates_2018/Monitoring/14th_CRM/14th_CRM.pdf
- निधियों की निगरानी और इनके प्रबंधन के लिए पीएफएमएस का कार्यान्वयन।
- मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियमित निगरानी दौरे।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण, वार्षिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण और नमूना पंजीकरण प्रणाली जैसे बाह्य सर्वेक्षणों के माध्यम से एनएचएम के कार्यान्वयन की समीक्षा/ मूल्यांकन भी करती है। एनएचएम के तहत प्रगति की वर्तमान स्थिति अनुलग्नक-III में दी गई है।

**अनुलग्नक-I**

**वित्त वर्ष 2019-20 से 2021-22 तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रवार केंद्रीय निर्गत राशि और इसका उपयोग**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | 2019-20 | | 2020-21 | | 2021-22 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | केंद्रीय निर्गत राशि | उपयोग | केंद्रीय निर्गत राशि | उपयोग | केंद्रीय निर्गत राशि | उपयोग |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 34.92 | 41.66 | 36.91 | 42.68 | 43.68 | 31.20 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1111.07 | 1820.15 | 1097.81 | 2385.48 | 1199.37 | 2448.67 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 185.95 | 186.21 | 243.04 | 209.06 | 188.53 | 248.51 |
| 4 | असम | 1749.24 | 1856.33 | 1807.48 | 1846.86 | 1955.93 | 2194.36 |
| 5 | बिहार | 1510.68 | 2842.26 | 1814.63 | 2415.34 | 1748.76 | 1905.35 |
| 6 | चंडीगढ़ | 22.77 | 20.97 | 22.21 | 19.52 | 17.47 | 26.86 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 816.07 | 1464.47 | 979.41 | 1521.30 | 969.61 | 1833.45 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 25.33 | 23.67 | 36.39 | 35.74 | 38.59 | 45.02 |
| 9 | दमन और दीव | 16.79 | 11.36 | | | | |
| 10 | दिल्ली | 138.74 | 173.28 | 125.73 | 210.83 | 127.37 | 237.79 |
| 11 | गोवा | 35.47 | 58.47 | 34.81 | 67.43 | 26.01 | 60.56 |
| 12 | गुजरात | 1110.80 | 1864.73 | 1005.66 | 1894.46 | 1094.48 | 1835.81 |
| 13 | हरियाणा | 567.71 | 792.64 | 531.50 | 829.12 | 577.07 | 879.91 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 504.84 | 469.60 | 441.94 | 425.58 | 555.09 | 525.09 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 702.20 | 662.56 | 667.46 | 657.53 | 459.10 | 779.61 |
| 16 | झारखंड | 830.63 | 1090.11 | 602.80 | 999.71 | 640.18 | 1176.55 |
| 17 | कर्नाटक | 1173.77 | 2384.28 | 1232.19 | 2320.37 | 1274.71 | 2200.92 |
| 18 | केरल | 836.14 | 1023.94 | 788.22 | 1457.75 | 771.47 | 1230.96 |
| 19 | लक्षद्वीप | 6.16 | 6.55 | 7.11 | 6.99 | 8.41 | 7.26 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 1728.73 | 3102.89 | 2377.14 | 3397.82 | 2295.66 | 3714.92 |
| 21 | महाराष्ट्र | 1724.99 | 3097.08 | 1833.59 | 3503.62 | 1769.67 | 4227.31 |
| 22 | मणिपुर | 185.65 | 196.06 | 189.49 | 112.79 | 95.59 | 154.09 |
| 23 | मेघालय | 141.17 | 166.24 | 202.63 | 213.36 | 282.46 | 227.08 |
| 24 | मिजोरम | 127.24 | 105.70 | 143.73 | 131.36 | 93.82 | 153.16 |
| 25 | नगालैंड | 123.23 | 130.37 | 188.21 | 159.72 | 126.66 | 192.16 |
| 26 | ओडिशा | 1475.14 | 2220.82 | 1617.63 | 2347.24 | 1263.07 | 2587.72 |
| 27 | पुदुचेरी | 31.56 | 44.21 | 25.55 | 47.32 | 21.33 | 46.36 |
| 28 | पंजाब | 712.02 | 923.31 | 568.14 | 908.98 | 349.21 | 918.96 |
| 29 | राजस्थान | 1781.83 | 2559.51 | 2000.58 | 2943.21 | 1924.95 | 3230.01 |
| 30 | सिक्किम | 53.55 | 54.84 | 70.13 | 52.06 | 51.86 | 46.06 |
| 31 | तमिलनाडु | 1424.22 | 2557.62 | 1522.71 | 2172.33 | 1631.91 | 3039.39 |
| 32 | त्रिपुरा | 239.47 | 208.37 | 225.91 | 249.74 | 217.95 | 237.24 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 4749.05 | 7453.90 | 3772.95 | 7080.45 | 3235.46 | 6210.20 |
| 34 | उत्तराखंड | 348.83 | 504.02 | 583.25 | 503.53 | 553.47 | 606.07 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 1749.32 | 2340.84 | 1895.01 | 2598.62 | 1654.26 | 2229.46 |
| 36 | तेलंगाना | 964.34 | 949.96 | 671.88 | 1354.93 | 725.67 | 1556.65 |
| 37 | लद्दाख | 0.00 | 0.00 | 91.89 | 38.56 | 44.79 | 62.81 |

नोट:

1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) और राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम) नामक दो उप मिशन हैं।
2. उपर्युक्त निर्गत राशियां केंद्र सरकार के अनुदानों से संबंधित हैं और इनमें राज्य के हिस्से का अंशदान शामिल नहीं है।
3. व्यय में वर्ष के प्रारंभ में केंद्रीय निर्गत राशि, राज्य निर्गत राशि और अव्ययित शेष राशियों में से किया गया व्यय शामिल है। यह व्यय राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत की गई और उपलब्ध वित्तीय प्रबंधन रिपोर्टों के अनुसार है।
4. जम्मू और कश्मीर राज्य के जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र तथा लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र में पुनर्गठित होने के बाद, 2020-21 के दौरान पहली बार लद्दाख संघ राज्य क्षेत्रों को एनएचएम निधियां संवितरित की गई थीं।

**अनुलग्नक-II**

| ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कार्यशील पीएचसी और सीएचसी की संख्या | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **सुविधाएँ** | **अवस्थिति** | **महाराष्ट्र** | | | **अंडमान और निकोबार द्वीप समूह** | | |
| | | **2018-19** | **2019-20** | **2020-21** | **2018-19** | **2019-20** | **2020-21** |
| | | **(31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार)** | **(31 मार्च 2020 की स्थिति के अनुसार)** | **(31 मार्च 2021 की स्थिति के अनुसार)** | **(31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार)** | **(31 मार्च 2020 की स्थिति के अनुसार)** | **(31 मार्च 2021 की स्थिति के अनुसार)** |
| **प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र** | ग्रामीण | 1828 | 1829 | 1839 | 22 | 22 | 22 |
| | शहरी | 538 | 846 | 651 | 2 | 5 | 5 |
| **सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र** | ग्रामीण | 364 | 278 | 270 | 4 | 4 | 4 |
| | शहरी | 37 | 140 | 131 | 0 | 0 | 0 |

*डाटा सोर्स: ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी*

**अनुलग्नक-III**

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत वास्तविक उपलब्धि/ प्रगति का राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण (30.06.2022 की स्थिति के अनुसार)

| क्र.सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में | | | | | ग्रामीण क्षेत्रों में | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वास्थ्य मानव संसाधनों का संवर्द्धन | मोबाइल चिकित्सा इकाइयां (कार्यशील) | एंबुलेंसें (कार्यशील) | प्रत्यायित सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा) | रोगी कल्याण समितियों की स्थापना | 24X7 आधार पर कार्यरत पीएचसी की संख्या | कार्यशील प्रथम रेफरल इकाइयां (एफआरयू) | गठित की गई ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण समितियां |
| 1 | बिहार | 10692 | 0 | 1186 | 92867 | 1927 | 496 | 66 | 8406 |
| 2 | छत्तीसगढ़ | 6630 | 30 | 624 | 72002 | 996 | 265 | 37 | 19180 |
| 3 | हिमाचल प्रदेश | 1164 | 12 | 404 | 7964 | 784 | 0 | 24 | 7916 |
| 4 | जम्मू और कश्मीर | 8422 | 10 | 489 | 12686 | 741 | 190 | 59 | 6494 |
| 5 | झारखंड | 8119 | 56 | 1970 | 47223 | 586 | 114 | 51 | 30012 |
| 6 | मध्य प्रदेश | 19474 | 0 | 1237 | 83614 | 1793 | 771 | 148 | 49567 |
| 7 | ओडिशा | 5771 | 9 | 1130 | 48977 | 1809 | 115 | 75 | 46064 |
| 8 | राजस्थान | 6625 | 299 | 1484 | 53676 | 3550 | 1179 | 83 | 43440 |
| 9 | उत्तर प्रदेश | 32320 | 170 | 4720 | 166824 | 1790 | 439 | 334 | 72880 |
| 10 | उत्तराखंड | 3956 | 16 | 400 | 12018 | 325 | 87 | 50 | 14915 |
| 11 | अरुणाचल प्रदेश | 1914 | 16 | 240 | 4143 | 228 | 64 | 14 | 3772 |
| 12 | असम | 16362 | 130 | 1035 | 32670 | 1249 | 314 | 70 | 28149 |
| 13 | मणिपुर | 1526 | 9 | 33 | 4009 | 132 | 66 | 7 | 3878 |
| 14 | मेघालय | 1520 | 4 | 50 | 7311 | 173 | 65 | 9 | 6310 |
| 15 | मिजोरम | 1203 | 9 | 62 | 1099 | 86 | 41 | 15 | 830 |
| 16 | नगालैंड | 972 | 11 | 93 | 2038 | 175 | 33 | 15 | 1346 |
| 17 | सिक्किम | 375 | 0 | 9 | 676 | 30 | 24 | 3 | 641 |
| 18 | त्रिपुरा | 489 | 0 | 50 | 8118 | 158 | 83 | 13 | 1178 |
| 19 | आंध्र प्रदेश | 8238 | 67 | 628 | 43137 | 1390 | 1142 | 249 | 13065 |
| 20 | गोवा | 463 | 0 | 29 | 0 | 37 | 13 | 2 | 247 |
| 21 | गुजरात | 11639 | 74 | 418 | 49549 | 2219 | 511 | 130 | 17648 |
| 22 | हरयाणा | 9276 | 59 | 636 | 23954 | 656 | 241 | 39 | 6049 |
| 23 | कर्नाटक | 15114 | 8 | 893 | 41544 | 2904 | 960 | 173 | 26087 |
| 24 | केरल | 5595 | 31 | 315 | 30724 | 1323 | 171 | 87 | 19692 |
| 25 | महाराष्ट्र | 20500 | 30 | 3644 | 69236 | 3552 | 1591 | 268 | 39770 |
| 26 | पंजाब | 4508 | 33 | 0 | 21972 | 749 | 211 | 185 | 12982 |
| 27 | तमिलनाडु | 33061 | 425 | 1284 | 5434 | 2595 | 1316 | 576 | 15015 |
| 28 | तेलंगाना | 10942 | 0 | 476 | 32854 | 964 | 314 | 116 | 10434 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 18500 | 49 | 3152 | 64904 | 1105 | 234 | 154 | 48429 |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 356 | 0 | 26 | 422 | 33 | 20 | 1 | 275 |
| 31 | चंडीगढ़ | 381 | 0 | 6 | 0 | 6 | 0 | 4 | 0 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली / दमन और दीव | 438 | 3 | 11 | 700 | 12 | 9 | 8 | 89 |
| 33 | दिल्ली | 1662 | 2 | 220 | 8942 | 33 | 1 | 32 | 0 |
| 34 | लद्दाख | 1212 | 1 | 18 | 608 | 42 | 12 | 7 | 247 |
| 35 | लक्षद्वीप | 159 | 0 | 0 | 110 | 9 | 4 | 9 | 9 |
| 36 | पुदुचेरी | 409 | 4 | 11 | 317 | 49 | 23 | 4 | 100 |
| **कुल** | | **269987** | **1567** | **26983** | **1052322** | **34210** | **11119** | **3117** | **555116** |

स्रोत: - एनएचएम-एमआईएस रिपोर्ट, 30.06.2022 की स्थिति के अनुसार

*****